सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-410
26/09/2016

# बिहार इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन राज्य के उद्योग जगत में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है :— मुख्यमंत्री

पटना, 26 सितम्बर 2016 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बिहार इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन भवन में बिहार इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन के 72वां वार्षिक आमसभा का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर व्यवसाय जगत एवं उद्योग संगठन के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि बिहार इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन ने 72 साल पूरा कर लिया है और इस वार्षिक अधिवेशन में उन्हें आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि बिहार के उद्यमियों का और व्यवसाय जगत का दो संगठन है, जिसने एक ने 72 साल पूरा किया है और दूसरे संगठन बिहार चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने 90 साल पूरा कर लिया है। दोनों संगठन आजादी के पूर्व के हैं और दोनों प्रगति करते हुये राज्य के उद्योग जगत में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अवसर पर मैं यहॉ अपनी शुभकामना देने आया हूॅ और यह बताना चाहता हूॅ कि 5वें सोमवार को उद्यमी पंचायत को फोरम आगे भी बरकरार रहेगा, जहॉ उद्यमी अपनी बात रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि संभवतः अगले महीने में 5वां सोमवार आयेगा और इस दिन पूर्व के उद्यमी पंचायत में जो प्रश्न उठाये गये हैं और उस पर क्या कार्रवाई हुयी है, इससे भी अवगत कराने का निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिया गया है। हमारी सरकार के गठन के पश्चात राज्य में औद्योगिक विकास एवं निवेश को प्रोत्साहित करने के लिये वर्ष 2006 एवं 2011 में औद्योगिक प्रोत्साहन नीति बनायी गयी। इसके साथ सिंगल विण्डो अधिनियम 2006 को भी अधिसूचित किया गया। राज्य में औद्योगिक निवेश को अधिक सहज बनाने के उद्देश्य से बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन अधिनियम 2016 को लागू किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे शुरू से जी0एस0टी0 के हिमायती रहे हैं। उन्होंने कहा कि जी0एस0टी0 के आने से कर प्रणाली में पारदर्शिता आयेगी। जी0एस0टी0 कन्ज्यूमर स्टेट के लिये फायदेमंद है, यह एक पहलू हो सकता है किन्तु मैं समझता हूॅ कि जी0एस0टी0 के आने से कर प्रणाली में पारदर्शिता आयेगी। उन्होने कहा कि जी0एस0टी0 संशोधन विधेयक संसद द्वारा पारित हुआ तो हमलोगों ने न्यूनतम समय में इसे पारित किया। उन्होंने कहा कि अभी जी0एस0टी0 काउंसिल में कई मुद्दा तय होना बाकी है। टैक्स वसूली कौन करेगा, केन्द्र या राज्य या फिर दोनों, इस विषय में उद्योग व्यापार संघ को भी रायशुमारी के लिये आगे आना चाहिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप बिहार इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन को अच्छे से चलायें। राज्य सरकार ने अपनी नई नीति में दो संगठनों को ही मान्यता दी है। एक बिहार चेम्बर ऑफ कॉमर्स तथा दूसरा बिहार इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन। सरकार बिहार चेम्बर ऑफ कॉमर्स तथा बिहार इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन के साथ परस्पर वार्तालाप करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिये हमने बिहार स्टार्टअप नीति 2016 को मंजूरी दी है और इसका एम0ओ0यू0 होना है। इसके तहत स्टार्टअप वेंचर कैपिटल का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि उद्योग के विकास के लिये सभी प्रावधान किये गये हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा

युवा इस ओर आकर्षित हों। उन्होंने कहा कि इसकी पूरी की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिये।

मुख्यमंत्री ने सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम की चर्चा करते हुये कहा कि 27 सितम्बर से सात निश्चय के दो निश्चय योजना की शुरूआत की जा रही है। हर घर नल का जल एवं शौचालय का निर्माण, घर का सम्मान योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 12वीं कक्षा से आगे बिहार में पढ़ने वालों की संख्या कम है। हमारा ग्रोश इनरॉलमेंट मात्र तेरह प्रतिशत है, इसका मुख्य कारण माँ–बाप की गरीबी है। 12वीं कक्षा से आगे जो भी लड़का–लड़की पढ़ना चाहते हैं, उन्हें हम चार लाख रूपये का स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड देंगे और 2 अक्टूबर से व्यावहारिक रूप से इस योजना की शुरूआत की जायेगी। यह संभवतः देश में पहली योजना होगी, जिसमें सौ प्रतिशत एवं सूद की गारंटी होगी ताकि युवाओं को बैंक का चक्कर न लगाना पड़े। इसके लिये हर जिला में निबंधन केन्द्र की स्थापना की गयी है। युवाओं को संवाद कौशल एवं कम्प्यूटर का प्रशिक्षण दिया जायेगा। सभी प्रखण्ड स्तर पर प्रशिक्षण केन्द्र खुलेंगे। रोजगार की तलाश कर रहे 20 से 25 आयु सीमा के बीच के युवा को रोजगार तलाशने के लिये दो वर्षों तक प्रतिमाह एक हजार रूपये का स्वयं सहायता भता दिया जायेगा। सारी तैयारियॉ चल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सात निश्चय में से एक निश्चय शुरू में ही लागू कर दिया गया है, जिसमें महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि एक–एक चीज पर काम हो रहा है। बिहार पहला राज्य है, जहॉ लोगों को अपनी शिकायतों के निवारण के लिये कानूनी अधिकार दिया गया है, इसके पूर्व बिहार लोक सेवा अधिकार कानून लागू किया गया है। नीचे से ऊपर तक अपील का प्रावधान है। कोताही बरतने पर दंड का भी प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक बहुत भारी सामाजिक कार्य शराबबंदी लागु हुआ है, जिसका बहुत बड़ा सामाजिक प्रभाव पड़ा है। अगर आपको इसकी जानकारी लेनी हो तो गरीबों के घर चले जाइये। जो गरीब पहले दो सौ रूपये कमाता था, वह डेढ़ सौ रूपये शराब में खर्च करता था। शराबबंदी के बाद जो परिवर्तन आया है, उसे अब आप जाकर देख लें। पॉच हजार करोड़ रूपये की राजस्व हानि को मैं नुकसान नहीं मानता क्योंकि इससे दस हजार करोड़ रूपये का लाभ है। अब लोग अपने घरों में सोने के लिये चौकी खरीद रहे हैं। घर में अच्छे कपड़े, बर्तन खरीदे जा रहे हैं। शराबबंदी के बाद लोग अपने पैसे अच्छे कामों में खर्च कर रहे हैं। इससे बाजार का विस्तार होगा और इसका असर कुछ दिनों में दिखने लगेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों की आर्थिक स्थिति जब तक बेहतर नहीं होगी और उनको लाभ नहीं मिलेगा, तब तक सकल घरेलू उत्पाद बेहतर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि उद्योग–धंधे जगह विशेष के आधार पर आकर्षित होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरत इस बात की है कि जो राज्य अच्छा कर रहा है, उसको चिह्नित कर सहयोग मिलना चाहिये। पूरे देश के लिये जब तक समावेशी नीति नहीं होगी, तब तक देश का सर्वांगीण विकास नहीं होगा।

मुख्यमंत्री ने पुनः शुभकामनायें देते हुये कहा कि बिहार इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन और आगे बढ़ेगा और बिहार में उद्योगों की संभावनायें बढ़ेगी तथा रोजगार का सृजन होगा। उन्होंने कहा कि आप सबके उद्यम से उद्यमशीलता बढ़ेगी और उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी में जबर्दस्त जोश है और सबके सहयोग से बिहार और आगे बढ़ेगा।

समारोह को उद्योग मंत्री श्री जय कुमार सिंह, बिहार इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री रामलाल खेतान ने भी संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लुम्बिनी बिवरेज प्रा0 लि0 के सी0एम0डी0 श्री चरण खिलानी, मेसर्स पटवारी स्टील प्रा0 लि0 के प्रबंध निदेशक श्री सुभाष कुमार, मेसर्स गोल्डेन डेयरी प्रा0 लि0 के प्रबंध निदेशक श्री बी0एन0 तहलानी एवं बिहार इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन के

पूर्व अध्यक्ष श्री के0पी0एस0 केसरी को बिहार इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन की ओर से अवार्ड प्रदान किया। इसके अतिरिक्त बिहार इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारियों श्री संजय गोयनका, उपाध्यक्ष श्री उमेश पोद्दार, उपाध्यक्ष एवं श्री सुबोध कुमार महासचिव को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

इसके पूर्व बिहार इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन की ओर से मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को पौधा देकर स्वागत किया गया और उन्हें प्रतीक चिह्न एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रधान सचिव उद्योग डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, बिहार इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री ए0के0पी0 सिन्हा, श्री उमेश कुमार पोद्दार, श्री संजय गोयनका, महासचिव श्री सुबोध कुमार, बिहार चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री ओ0पी साह, बिहार इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष श्री संजय कुमार प्रज्ञा, श्री शिव कुमार मसकरा, महासचिव श्री अरविन्द कुमार सिंह, कार्यक्रम के संचालक श्री महेन्द्र जालान समेत बिहार इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारी, बिहार चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिगण तथा उद्योग संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

******